संख्या-7-1058(1)/86-2014-79/2014

प्रेषक,

डॉ0 गुरदीप सिंह ,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
भूत्तव एवं खनिकर्म, उ0प्र0,
लखनऊ।

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग लखनऊ दिनांक 06 अगस्त, 2014

विषय- भूतत्व एंव खनिकर्म निदेशालय में लेखा संवर्ग के पुनर्गठन के फलस्वरूप सहायक लेखाधिकारी का एक पद सृजित किया जाना।

महोदय,

उपयुर्क्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ0प्र0 में लेखा संवर्ग के पुनर्गठन के फलस्वरूप सहायक लेखा अधिकारी के एक पद, पे0 बैण्ड 9300-34800, ग्रेड पे0 4800 में अस्थायी रूप से निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन सृजित किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृत प्रदान करते है।

2. उक्त पद दिनांक 28-02-2015 तक के लिये सृजित किया जाता है, यदि इसके पूर्व यह पद बिना किसी सूचना के पहले ही समाप्त न कर दिया जाये। इस पद की निरन्तरता आवश्यकतानुसार समय-समय पर बढाई जायेगी।

3. प्रस्तर-1 में सृजित पद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-4 के लेखाशीर्षक 2853-अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग-आयोजनेत्तर-02 का विनियमन तथा विकास-03 प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में खनन प्रशासन की योजना के अन्तर्गत संगत मानक मद के नामें डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 पत्र संख्या-ई-6-443/दस-2014, दिनांक 05-08-2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(डॉ0 गुरदीप सिंह)
प्रमुख सचिव

संख्या-1058(2)/86-2014 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- निदेशक, वित्तीय एंव सांख्यिकीय, निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6/वित्त(वे0आ0)-1/2
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(गेन्दन लाल)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in